RNI No.: RAJHIN/ 2014 / 65130

# राजस्थान नेत्र ज्योति

वर्ष : 12 अंक : 1 जनवरी – मार्च 2026



## सभी धर्म नेत्रदान का समर्थन करते हैं

EYE BANK SOCIETY OF RAJASTHAN

**आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान**

# सम्पादकीय



वर्ष 2026 का प्रथम अंक आपके हाथ में सौंपते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है । यह अंक विशेष है ! विशेष इस दृष्टि से की गत वर्ष के कॉर्निया संग्रहण को हम एक दृष्टि में देखकर यह समीक्षा कर सकते हैं कि इस वर्ष हमें अपनी कार्य योजना में किन बातों को प्राथमिकता देनी है जिससे कॉर्निया संग्रहण में वृद्धि हो सके ।

आंखें शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है। इसे हम अब तक दृष्टि की उपयोगिता, प्राकृतिक सुंदरता, जीवन में विभिन्न कार्यों में दृष्टि के बिना होने वाली कठिनाइयां आदि से समझते रहे हैं। मुझे हर्ष है कि नेत्र एवं उनके स्वस्थ रहने का महत्व, विभिन्न बीमारियों, दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए सुविधाएं आदि विषयों पर विश्व के विभिन्न देशों द्वारा जारी किए गए डाक टिकटों पर श्री राजेश पहाड़िया जी का एक लेख इस पत्रिका में दिया जा रहा है। उनके इस शोध पूर्ण लेख को हमारे सृजनशील सदस्य श्री रवि कामरा जी द्वारा उपलब्ध करवाया गया है। हम आप दोनों के ही आभारी है।

सभी धर्मो में दया परोपकार जैसी मानवीय भावनाएं बताई तो जाती है लेकिन मानवीय भावनाओं के अंतर्गत शरीर के साथ ही नष्ट होने वाले नेत्रों का दान कर किसी नेत्रहीन को दृष्टि प्रदान करने की बात केवल बौद्धधर्म के गुरु अपने सभी अनुयायियों को कहते हैं। नेत्रदान का समर्थन सभी धर्म करते हैं। कुछ दूरदर्शी एवं मानव सेवा के समर्थक धर्मगुरु वर्तमान में अपने अनुयायियों को नेत्रदान करने की बात अपने प्रवचन में बताते हैं। समाज में यह आम विश्वास है कि धर्म गुरु की बात लोग केवल सुनते ही नहीं बल्कि उन पर विश्वास भी करते हैं। उनकी बात को मानने में खुशी एवं पुण्य कार्य समझते हैं।

इन सभी प्रयासों से लोगों की सोच में परिवर्तन भी आने लगा है। अपने प्रियजन के देहांत के बाद वे नेत्रदान की पहल करने लगे हैं और इस प्रकार नष्ट होते कॉर्निया को उपलब्ध करवा कर दृष्टिहीन को रोशनी देने की मानवीय पहल करते हैं।

इस पहल के लिए हमारी संस्था उनके परिवारजन को सम्मानित करती है। इस बार, एक मार्च 2026 को ऐसा एक आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे मुख्य अतिथि थी। उनके उद्धबोधन में स्पष्ट झलक रहा था कि वे नेत्रहीन व्यक्तियों का दर्द समझ रही थी। नेत्रदान की इस मुहिम मैं समाज के हर वर्ग विशेष कर युवाओं को आगे आकर इस संदेश को जन–जन तक पहुंचाने का उन्होंने आव्हान किया। कार्यक्रम के बाद अपने फेसबुक पर उन्होंने एक संदेश फोटोग्राफ सहित लगाया, जिसे उनके 1.4 मिलियन फॉलोवर्स ने पढ़ा होगा ।उनकी यह पहल नेत्रदान की जागरूकता का संदेश जन–जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गई। उनका यह सन्देश पत्रिका में आप आगे पढ सकते हैं।

किसी ने सच ही कहा है–

**आँखें खूबसूरत नही होती,**
**आँखों से खूबसूरती होती है।**

**उषा बापना**
संपादक

# अध्यक्ष की कलम से



प्रिय मित्रों,

नेत्र ज्योति के इस अंक में हमारी उपलब्धियों का विवरण वर्ष 2025 के प्रारम्भ से लेकर 31 मार्च, 2026 तक प्रस्तुत किया गया है। आई बैंक की स्थापना से लेकर अब तक हमने 27,500 कॉर्निया एकत्रित कर 17,800 दृष्टिबाधित व्यक्तियों की दृष्टि पुन: स्थापित की है। अब ये लोग परिवार पर आश्रित होने के बजाय परिवार के सहारा बन गए हैं। इससे लगभग 85,000 परिवारजन के जीवन में प्रसन्नता आई है।

वर्ष 2026 की पहली तिमाही में हमने अपनी समग्र उपयोगिता दर को 55% से बढ़ाकर 76% तक पहुंचाया है। हमारे कुछ तकनीशियन लगभग 90% तक की उपलब्धि हासिल कर रहे हैं। यह उनके कार्य करने के कौशल और गुणवत्तापूर्ण कार्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह भी हर्ष का विषय है कि नए केन्द्रों से समर्पित कार्यकर्ता उभर रहे हैं। उदाहरण स्वरूप श्री निलेन्द्र सिंह (ईडीसी, बीकानेर), श्री अनुराग सारस्वत (श्रीगंगानगर) और श्री चेतन प्रकाश (भीलवाड़ा) ने इस तिमाही में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। उन्होंने नई आशा जगाई है।

हमारा प्रयास रहा है कि विभिन्न शुभचिन्तकों की राय को हमारे मिशन में सम्मिलित किया जाए ताकि पाठकों को व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त हो सके। इसी क्रम में श्री राजेश पहाड़िया ने विभिन्न देशों के डाक टिकटों में नेत्र सम्बन्धी विषयों पर लेख लिखा है, जो रोचक है। इसी प्रकार श्री पी.सी. जैन ने समझाया है कि टाइम बैंक में सामाजिक सेवा का कार्य कर रहे समर्पित सदस्य अपने इस कार्य के साथ ही नेत्रदान के कार्य में भी सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमने उन परिवारों का सम्मान किया जिन्होंने अपने प्रियजन की आँखें दान की। यह कार्यक्रम राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे और पद्मभूषण डॉ. डी.आर. मेहता की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। कुल 70 परिवारजनों को सम्मानित किया गया। यह क्षण कई परिवारों के लिए अत्यन्त भावुक था, जब उनके योगदान को समाज ने सम्मान और स्नेह के साथ स्वीकारा। कई बार मुख्य अतिथि भी उनके प्रियजनों के नेत्रदान की कथा सुनकर भावुक हो उठे। यह अवसर हमारे शुभचिन्तकों के समक्ष हमारे प्रदर्शन को प्रस्तुत करने का भी रहा। मुझे विश्वास है कि ऐसे आयोजन औरों को भी नेत्रदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

यह आवश्यक है कि हम सेवा के लिए समर्पित समान विचारधारा वाले सामाजिक संगठनों के साथ सहयोग बढ़ाएं ताकि नए कार्य क्षेत्रों तक पहुँच बनाई जा सके। हमें छोटे शहरों और शहरी क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति प्रभावी ढंग से दर्ज करनी होगी, जहां से पर्याप्त कॉर्निया प्राप्त किए जा सकते हैं।

मैं हमारे सभी टीम सदस्यों और चेप्टर प्रतिनिधियों से अनुरोध करता हूँ कि वे इस वर्ष अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें जिससे हमारे नेत्र बैंक का प्रदर्शन और ऊँचाइयों तक पहुँच सके।

हमारे सदस्यों, मित्रों और समर्थकों से नए क्षेत्रों को कवर करने या नए प्रोजेक्ट बनाने के सम्बन्ध में उनके मूल्यवान सुझावों की प्रतीक्षा रहती है ताकि हम समाज को अपनी सेवाएँ और बेहतर दे सकें।

ईबीएसआर टीम के सभी सदस्यों को उनके समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए अपनी ओर से हार्दिक आभार एवं शुभकामनाएँ प्रकट करता हूँ।

**सभी को मेरी शुभकामनाएँ**

**बी एल शर्मा**
अध्यक्ष

# A Journey of Hope and Light in 2025

Imagine a world where there are no colors, only perpetual darkness. Around us, millions of individuals have accepted this darkness as their destiny. However, our eyes, which would otherwise turn to ash upon our passing, have the power to infuse vibrant light into someone's dim world. In 2025, our society and dedicated volunteers transformed this sentiment into a monumental movement. The milestones we have achieved in this 'Vision Donation' journey are not just statistics; they represent the smiles of thousands who have been granted an opportunity to see the world.

**EBSR On the Path of Progress: Remarkable Achievements of 2025**

The data stands as a testament that awareness and well-directed efforts never go in vain. The year 2025 has proven to be a historic chapter for us. This year, we channeled our energy not only into eye collection but also into ensuring successful corneal transplants.

Compared to the previous year (2024), we collected **2,624 corneas** this year (an increase of 78). Even more significant is the success of our clinical applications, with **1,745** corneas successfully transplanted (79 more than last year). These figures have propelled our 'Utilization Rate' to an impressive **66.5%.**




- **Q1:** Collection: 770 | Transplants: 428 | Utilization: 55.5%
- **Q2:** Collection: 748 | Transplants: 501 | Utilization: 66.9%
- **Q3:** Collection: 604 | Transplants: 435 | Utilization: 72.0%
- **Q4:** Collection: 502 | Transplants: 381 | Utilization: 75.9%

The present graph is illustrating that we began the year with a 55.5% utilization rate in Q1 and reached a peak efficiency of 75.9% by the end of the year in Q4.

**HCRP and Voluntary Donation: Two Paths, One Goal**

The two strongest pillars of eye donation are Voluntary Donation and the Hospital Cornea Retrieval Program (HCRP). This year's analysis reveals a very positive trend.

The hospital-based HCRP program has yielded exceptional results. This year, 1,689 corneas were retrieved under HCRP, of which 1,231 were successfully transplanted. A **utilization rate of 73.0%** proves how effective timely counseling in hospitals can be. On the other hand, voluntary donations from conscious citizens provided 935 corneas, restoring sight to 514 (55.0%) individuals.

| | Q1 | Q2 | Q3 | Q4 | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| Total Vol. Coll. | 212 | 240 | 210 | 273 | 935 |
| Total Vol. Tx | 62 | 129 | 126 | 197 | 514 |
| Utilization Rate (In %) | 29.25 | 53.75 | 60.00 | 72.16 | 55.0 |
| Total HCRP Coll. | 558 | 508 | 394 | 229 | 1689 |
| Total HCRP Tx | 366 | 372 | 309 | 184 | 1231 |
| Utilization Rate (In %) | 65.59 | 73 | 78.43 | 80.35 | 73 |
| Total Coll. | 770 | 748 | 604 | 502 | 2624 |
| Total Tx | 428 | 501 | 435 | 381 | 1745 |
| Utilization Rate (In %) | 55.58 | 66.98 | 72.02 | 75.90 | 66.5 |

The significant contribution of both HCRP and Voluntary donations to total transplants.

**Our Inspiration: 'Star Performers' Gallery**

No campaign can succeed without the warriors working at the grassroots level. The grand success of 2025 is a direct result of the tireless efforts of our various chapters. Let's take a look at the champions who demonstrated excellence in the field of eye donation this year.

**The Leaders of 2025**




In a year defined by record-breaking statistics, the **Jaipur Chapter** emerged as the **Annual Star Performer,** securing the top rank through its flawless coordination and high utilization efficiency. Their leadership has set a new benchmark for excellence in corneal retrieval and transplant management.

Following closely in this competitive landscape, the **Ajmer Chapter** was the **Annual Runner-Up.** Their consistent performance across all four quarters and their rapid response in hospital counseling have been instrumental in bridging the gap between donors and recipients. We also extend our heartfelt congratulations to the **Jodhpur** and **Kota** chapters for securing the third and fourth positions respectively.

**The Backbone of Our Success: A Tribute to the EBSR Team**

While our chapters provide the local reach, the true engine behind these historic numbers is the exceptional workforce of EBSR. The year 2025 has been a testament to the tireless dedication, technical precision, and empathetic spirit of our employees. From the counselors who navigate delicate conversations with grieving families to the technical staff ensuring the highest standards of corneal preservation, every member of the EBSR family has played a pivotal role.

This year, we are proud to highlight individual brilliance within our ranks. **Mr. Tinkoo Ojha (Kota EDCt)** was recognized as the **Annual Individual Star Performer** with an outstanding score of **887**, reflecting his relentless drive and technical mastery. Joining him in the spotlight is **Sh. Bharat Ji (Assistant Manager, Ajmer),** who was awarded the **Annual Runner-Up** with a remarkable score of **869.** Their personal commitment is a microcosm of the spirit that defines our organization.



**ANNUAL STAR PERORMER**
**Tinkoo Ojha**
Kota
Score : 887



**ANNUAL STAR RUNNER UP**
**Bharat Kumar Sharma**
Ajmer
Score : 869

Our field workers and laboratory teams have often worked beyond the call of duty, ensuring that every donation is handled with the utmost dignity and efficiency. We salute our employees for being the silent heroes who work behind the scenes to turn the vision of a "Blindness-Free Rajasthan" into a reality. Their professionalism is the foundation upon which our success is built.

A Step Toward the Light...

While the statistics of 2025 give us cause for celebration, they also remind us that many are still waiting for the light we can provide. Our rising utilization rate, now approaching 76%, reflects the strength of our medical and coordination systems.

Now it is your turn. Join this grand mission. Take a pledge to donate your eyes during your lifetime and inform your family of your wish. Remember, a small decision by you can create a new and beautiful world for someone else.

**Priyanka Swami**
Manager - EBSR

# Vision Beyond Sight : The Global Story through Stamps



Rajesh Paharia

**Mr. Rajesh Paharia a business man dealing in Motor Tyres & Lubricants. He is a renowned Philatelist as the Secretary General of the Philatelic Society of Rajasthan. With vast knowledge about Philately he dominates the International Philatelic World by his passion.**

**We are greatfull to Shri Ravi Kamra for getting this article**




Russia issued beautiful stamps on 'Eyes' with different expressions.

Eyes are truly one of the most remarkable and important parts of the human body. As the primary sensory organ for vision, our eyes allow us to perceive and interact with the world around us in rich detail. But eyes matter for so much more than just sight. The eyes are a window to the soul, as the saying goes. Eyes do the physical part of seeing, send signal and allow our brain to build a picture that we see.

**Challenges to Eyes :**

**Inadequate Nutrition :**

Inadequate nutrition severely impacts eye health, causing issues from dry eyes and poor night vision to severe conditions like night blindness , cataracts , macular degeneration, and even blindness. Due to deficiencies in Vitamins A, C, E, B vitamins, zinc, and omega-3s, which are crucial for retinal function, preventing oxidative damage and maintaining ocular tissue integrity , it increase risk for chronic diseases like AMD, affecting central vision.







**Infection: River Blindness**

River blindness, or onchocerciasis, is a parasitic disease from worms spread by infected blackflies that breed in fast rivers, causing severe itching, skin conditions, and vision loss, potentially leading to irreversible blindness




It is most spreaded in African countries thus most stamps

**Diabetes & High Blood Pressure:**




Diabetes and high Blood pressure are big cause of Eye loss in today's sedentary lifestyle.

Dominican Republic stamp shows Eye, Heart and slogan 'Control Diabetes'




USA stamp image portrays to know more about Diabetes to save from Eye sight




An Austrian stamp issued in 1979 show eyes damage due to Diabetes

**Support System for Blind :**

A white cane is a mobility tool used by people who are blind or visually impaired for safe navigation, acting as an extension of the body to detect obstacles, changes in terrain, and hazards, while also signaling to the public that the user has a visual impairment, promoting awareness and care.







Guide Dogs for the blind are well represented on stamps. The two most common breeds are German shepherd and Labrador Retriever. The Dogs always walk on the left side of the masters unless patients have disability on his/her left side of the body. Below are stamps showing Dogs helping Blinds to walk safely.







**The Braille System :**

The Braille system is a tactile reading and writing method for blind and visually impaired people, using patterns of raised dots in six-dot cells that are felt with fingertips to represent letters, numbers, and punctuation, enabling literacy and independence in reading books, signs, and digital content. Invented by Louis Braille, it's a code for many languages, not a language itself, allowing access to written information through touch.




**Blind School :**

Blind schools are specialized educational institutions providing tailored learning for visually impaired students, focusing on accessible materials (like Braille), assistive tech, and life skills (mobility, daily living) for independence. Calcutta Blind School was founded by philanthropist Rev. Lal Bihari Shah in 1894. It is one of the rare instances when India Posts has issued stamp with braille info sheet.







Benin issued stamp showing Blind School established with help of Rotary Club India issued stamp on Calcutta Blind School,




Greece issued stamp on 50th anniv of Athens Eye Hospital in year 1999




Nepal issued stamp on 25th anniv of Nepal Eye Hospital in year 1999.




Swaziland issued stamp showing Vitreous Cutter and Optical illuminator donated by Rotary Club which has been working on Eye Donation for long time.




Eye camps are conducted by Eye Hospitals and Ophthalmologists with the help of social organisations including Clubs like Lions. Kenya issued stamp on Eye camps organised by Lions Club.




Dominican Republic issued stamp on Cornea Bank in year 1991 . A corneal transplant is a surgical procedure that replaces part of person,s cornea with corneal tissue of eye donor.




**Cornea Transplant :**

Grenada issued stamp in year 1968 depicting Cornea

**Eye donation** is the gift of sight, allowing corneas to be transplanted to restore vision for those with corneal blindness, a simple, selfless act where nearly anyone can pledge to donate eyes after death, with a quick, non-disfiguring procedure performed by eye banks, helping others see, and dispelling myths about age or existing conditions.




Bangladesh co memorated its Medical Student,s Association. It depicted slogan 'Posthumous Eye Donation – The Best Will'




Turkey issued stamp in year 1988 showing Eye donation with open hands




Sri Lanka issued stamp in year 1982 with credits to Eye donation Society and Lions Club working for Eye Donation




Thailand stamp issued in 1979 show Eye ,Blind people and slogan 'Give Eyes , give New Life'




China stamp Depicting Eye operation for Cornea Transplant




Costa Rica issued set of 3 stamps on Cornea Bank with image of its founder Aberlardo Rojas




Special cover issued on subject of 'Drushti Daan' Eye Donation also show slogan 'Do Not Burn…..Do Not Bury…..Donate your Eyes'




India issued stamp on Eye Donation in year 1987




An Indian Stamp Booklet with printed message reading ' Donate Eye Give Sight to Two'




World.s Cheapest Postal services in India which has a wide reach in common man in form of Postcard has regularly carried message for Eye Donation.

# नेत्र उपहार

सुन्दर प्रकृति चहुंओर,
ऊपर है गगन विशाल।
रंग बिरंगे फूल धरा पर,
पक्षियों का भी रूप अपार।

जो भी है इस सृष्टि में,
अलग-अलग कला से सजा।
पता नहीं सबमें ये रंग हैं
किस चित्रकार ने भरा।

निहार रहे इस छठा को,
नेत्रों में संजो रहे।
पाकर अपूर्व इस आनंद को,
धन्य ही सब जन हो रहे।

हैं कुछ ऐसे भी जन,
जो वंचित इस आनंद से।
नेत्र सुख से है वे दूर,
तम में जीने को मजबूर।

होता है अंत जीवन का,
शरीर अग्नि को समर्पित।
दहन हो जाते नयन भी,
जो सक्षम ज्योति देने में।

जाते समय कुछ तो सोचो,
तमस दूर करो उनका।
दो ज्योति उनको भी,
रंग प्रकृति के वे देख पाये।

ईश्वर ने काया दी जब,
तभी ये जीवन जी पाये।
भोग के बाद लौटाना अब,
फिर मोह कैसा और क्यों।

देते जाओ लोचन को,
दुनिया को भी जगाओ।
नेत्रदान के यज्ञ में,
आहुति अपनी देते जाओ।

– विनोद कुमार त्यागी
नेत्रदाता परिवार

# आई सेल टिशू बैंक: नेत्र चिकित्सा में नई क्रांति की ओर भारत



गोविंद गुरबानी
सह-संपादक

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जी. एन. राव का जयपुर आगमन हुआ। इस अवसर पर मुझे उनसे मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध एवं विकास कार्यों, विशेषकर हैदराबाद स्थित **एल. वी. प्रसाद आई इंस्टीट्यूट** में प्रस्तावित **आई सेल टिशू बैंक** के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की, साथ ही आंखों की देखभाल को लेकर उपयोगी मार्गदर्शन भी दिया।

**नेत्र चिकित्सा में बढ़ता दायरा और चुनौतियां**

भारत में हर साल लाखों लोग कॉर्निया से जुड़ी समस्याओं का सामना करते हैं। अनुमान है कि देश में प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक कॉर्निया ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है, लेकिन उपलब्धता और विशेषज्ञों की कमी के कारण यह मांग पूरी नहीं हो पाती।

डॉ. राव के अनुसार, वर्तमान आई बैंकिंग सिस्टम सीमित संसाधनों के साथ कार्य कर रहा है, जिसके चलते केवल कुछ प्रतिशत मरीजों को ही लाभ मिल पाता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि देश में उन्नत तकनीक और मजबूत चिकित्सा संरचना की तत्काल आवश्यकता है।

**आई सेल टिशू बैंक: क्या और क्यों?**

आई सेल टिशू बैंक एक अत्याधुनिक सुविधा होगी, जहां कॉर्निया की कोशिकाओं (सेल्स) को वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित किया जाएगा। पारंपरिक कॉर्निया ट्रांसप्लांट के विपरीत, इस तकनीक में पूरे कॉर्निया को बदलने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि केवल प्रभावित कोशिकाओं को ही बदला जाएगा। इससे:

- अधिक मरीजों को लाभ मिलेगा
- सर्जरी अधिक सुरक्षित और प्रभावी होगी
- कॉर्निया की कमी की समस्या काफी हद तक कम हो सकेगी

**डिजिटल युग और बच्चों की आंखें**

आज के समय में बच्चों में मोबाइल और कंप्यूटर का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर उनकी आंखों पर पड़ रहा है। कम उम्र में ही दृष्टि दोष, आंखों में थकान और अन्य समस्याएं सामने आ रही हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम सीमित करना और उन्हें बाहरी गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। प्राकृतिक रोशनी में समय बिताना आंखों के स्वस्थ विकास में सहायक होता है।

**व्यावहारिक सुझाव: आंखों की देखभाल कैसे करें**

**डॉ. राव द्वारा दिए गए कुछ सरल लेकिन प्रभावी सुझाव:**

- हर 20 मिनट में स्क्रीन से ब्रेक लें (20-20-20 नियम)
- आंखों को साफ रखें और बार-बार न छुएं
- पर्याप्त नींद लें
- संतुलित आहार में हरी सब्जियां और विटामिन आदि शामिल करें
- धूप में बाहर निकलते समय सनग्लास का उपयोग करें

**भविष्य की दिशा**

आई सेल टिशू बैंक की स्थापना भारत को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जा सकती है। यह पहल केवल तकनीकी प्रगति का संकेत नहीं है, बल्कि लाखों लोगों के जीवन में रोशनी लाने का माध्यम भी बनेगी।

**निष्कर्ष**

आंखों की देखभाल अब केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक सामाजिक और राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुकी है। नई तकनीकों, जागरूकता और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं, जहां हर व्यक्ति स्पष्ट और स्वस्थ दृष्टि का आनंद ले सके।



"पूरा कॉर्निया बदलने की आवश्यकता नहीं नई तकनीक से केवल प्रभावित कोशिकाओं का उपचार संभव होगा।" – **डॉ. जी. एन. राव**

# मानव जीवन में भरे रोशनी



**पी.सी. जैन**
टाईम बैंक
ऑफ इण्डिया

**नेत्रदान, एक सुखद अहसास :**

परिवार का कोई सदस्य जब अपनी अंतिम यात्रा पर जा रहा होता है, अपनी आखिरी सांस ले रहा होता है वह समय परिवार के लिए बहुत कष्टप्रद होता है। समस्त परिजन दुख के एक महासागर में डूबे होते हैं। कर्तव्य विमूढ़ से हो जाते हैं। समझ नहीं आता कि क्या करें, क्या ना करें। लेकिन हमारे देश की स्वस्थ परिवार प्रथा ही ऐसे समय में संबल का काम करती है। सब मिलजुल कर इस कठिन समय में एक दूसरे का सहारा बनते हैं। यही वो समय होता है जब समय रहते, परमार्थ के लिए, लिया गया निर्णय, किसी के जीवन में उजाला भर सकता है। वो भी बिना किसी खर्च के, बिना किसी को नुकसान पहुंचाए, बिना किसी की भावना को ठेस पहुंचाए। यह निर्णय होता है, नेत्रदान कर किसी नेत्रहीन के जीवन को रोशनी से भर देने का। यहाँ समय और निर्णय के बीच एक रेस लगी होती है। मृत्यु उपरांत नेत्रदान एक सीमित समय लगभग 8 घंटे में ही हो जाना चाहिए। और ये समय इस दुख की घड़ी में कब निकल जाता है, पता ही नहीं चलता। समय निकल गया तो बस जीवन भर के पछतावे के सिवा कुछ नहीं रह जाता। कहते भी हैं कि अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत। बस उस समय साहसिक कदम उठाकर, किसी अपने को, शोक संतप्त परिवार को, इतना याद दिलाना है कि जाने वाला तो चला गया, नेत्रदान कर किसी की आँखों में तो इसे जीवित महसूस किया ही जा सकता है। जरा सी सकारात्मक सोच, पहल, साहस, परमार्थ के एक बेहतरीन कार्य को अंजाम तक पहुंचा सकती है। जो इस दुखी परिवार को एक असीम शांति और आजीवन गर्व का एहसास करा सकता है।

मैं टाईम बैंक से जुड़ा हुआ हूँ अतः टाईम बैंक के परिचय के साथ नेत्रदान में इसकी भूमिका के बारे में आपसे जानकारी साझा करना चाहूँगा।

टाईम बैंक कोई सामान्य बैंक नहीं है जहां पैसे जमा होते हैं। यह समय का बैंक है। यहां सदस्य एक–दूसरे को छोटी–छोटी यूनिट में बांटकर परिवार की तरह काम करते हैं। एक सदस्य दूसरे की मदद करते हैं। चाहे एकाकी बुजुर्गों की देखभाल हो, उनके अकेलेपन का साथी हो, बाहरी कामों में सहायता हो या फिर अस्पताल में भर्ती बीमार का सहायक बनना। बदले में वह समय क्रेडिट कमाता है, जो बाद में उसे किसी और की मदद के रूप में वापस मिलता है। छोटी–छोटी इकाइयों में बंटा यह नेटवर्क पूरे भारत में फैलता जा रहा है। हर सदस्य दूसरे को अपना सा लगता है। यही इसका सबसे बड़ा जादू है। यहां रिश्ते पैसे से नहीं, एक दूसरे को समय देकर बनते हैं।

**नेत्रदान के रास्ते में बाधायें :** नेत्रदान के रास्ते में तीन सबसे बड़ी बाधायें हैं।

1. नेत्रदान के प्रति तरह तरह की भ्रांतियाँ– आंखें निकाल ली जाएंगी तो चेहरा बिगड़ जाएगा, अगला जन्म नेत्रहीन का मिलेगा, धर्म आड़े आता है, अंतिम क्रियाओं में देर हो जाएगी–ऐसी सैकड़ों गलतफहमियां आज भी लोगों के मन में बैठी हैं।

2. दूसरी बाधा है समय, अर्थात मृत्यु उपरांत 8 घंटे में नेत्रदान का निर्णय लेकर नेत्रदान सम्पन्न कराना। जब पूरा परिवार सदमे में होता है, आंसू आंखों में घुट जाते हैं और फैसले लेना असंभव लगता है, तब जरूरत होती है किसी अपने की। किसी ऐसे व्यक्ति की जो परिवार का हिस्सा हो, जो समझता हो कि नेत्रदान कोई दान नहीं, बल्कि एक जीवित आत्मा को नई जिंदगी देने का संकल्प है। और

3. तीसरा आधारभूत व्यवस्थाएं। जिसमें समर्पित तकनीशियन, कॉर्निया ट्रांसप्लांट सर्जन, सुचारु कार्यरत आई बैंक, इत्यादि।

पहली और दूसरी बाधा में टाईम बैंक ऑफ इंडिया के सदस्य एक प्रभावी भूमिका का निर्वहन सकते हैं। वे छोटी–छोटी यूनिट में परिवार की तरह जुड़े हैं। वे पहले से ही एक–दूसरे के दुख–दर्द में साथ खड़े रहते हैं। जब कोई सदस्य का परिवार किसी की मृत्यु शोक से गुजरता है, तो उसी परिवार का कोई और सदस्य शांति से, प्यार से, सम्मान के साथ नेत्रदान की बात रख सकता है। वह याद दिला सकता है ˝ दादी जी की आंखें अब भी किसी बच्चे की दुनिया रोशन कर सकती हैं। यह बात किसी अजनबी की नहीं, बल्कि अपने भाई–बहन की होती है। इसलिए यह स्वीकार करने में आसानी होती है। समय बैंक के सदस्य इस पवित्र काम को बिना किसी दबाव के, सिर्फ प्यार और विश्वास के साथ कर सकते हैं। चूंकि टाईम बैंक की यह छोटी छोटी यूनिट प्रतिमाह मीटिंग्स का आयोजन करती हैं, अतः समय समय पर आई बैंक के विशषज्ञों की नेत्रदान जागरूकता वार्ताएं आयोजित कर नेत्रदान की भ्रांतिया दूर कर जन जन में नेत्रदान को चर्चा का विषय बना सकती हैं।

टाईम बैंक ऑफ इंडिया ट्रस्ट और आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान दोनों ही पंजीकृत स्वतंत्र संस्थाएं हैं जो अपने अपने उद्देश्यों की पूर्ति की लिए कार्यरत हैं। अतः दोनों संस्थाएं मिलकर एक दूसरे के लक्ष्यों को साधने में सहायक हो सकती हैं। इससे दोनों संस्थाओं की कार्यों को गति मिल सकती है। संस्थाओं के मिलन के लिए सर्वोत्तम उपाय है, उनके बीच एक समझौता ज्ञापन अर्थात एमओयू निष्पादित किया जाना। यह समझौता बिना आर्थिक लेनदेन के केवल प्रचार प्रसार के उद्देश्य से किया जा सकता है। समझौते के तहत टाईम बैंक के सदस्यों को नेत्रदान की पूरी जानकारी, प्रशिक्षण और सहायता उपलब्ध कराई जा सके, ताकि वे नेत्रदान का व्यापक प्रचार कर सकें। मृत्यु उपरांत, शोक परामर्शदाता (ग्रीफ काउन्सलर) की भूमिका अदा कर, आई बैंक टीम से संपर्क कर, नेत्रदान कराने में सहायक हो सकते हैं। आई बैंक सोसाइटी ऑफ

राजस्थान भी अपने कार्यक्रमों में टाईम बैंक का प्रचार प्रसार कर एकाकी बुजुर्गों को, उनकी देखभाल के लिए टाईम बैंक से जोड़ने में मददगार हो सकती है।

कल्पना कीजिए – एक छोटा सा टाईम बैंक का सदस्य, जब किसी परिवार के सदस्य की अंतिम यात्रा में खड़ा होकर कहता है, चलिए, उनकी आंखें किसी और को जिंदगी दें, तो उस पल कितनी बड़ी रोशनी फैलती है! एक परिवार का दर्द दूसरे परिवार की खुशी बन जाता है।

टाईम बैंक ऑफ इंडिया के हर सदस्य से हम अपील करते हैं, आप पहले से ही सेवा में समय दे रहे हैं, थोड़ा समय नेत्रदान की जिम्मेदारी में भी लगाएं। आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान के हर स्वयंसेवक से अपील है कि टाईम बैंक के इस विशाल परिवार को अपने अभियान का हिस्सा बनाएं ताकि किसी भी बुजुर्ग को अकेलेपन की त्रासदी नहीं झेलनी पड़े।

जब हम सब मिलकर एक परिवार बन जाएंगे, तो जीवित रहते भी सहायक होंगे और हर मृत्यु के बाद भी एक नई जिंदगी को उजाला दे सकेंगें। आंखें बंद होंगी, लेकिन रोशनी कभी नहीं बुझेगी।

## वित्तीय दान दाताओं की सूची (जनवरी से मार्च, 2026)

| | |
|---|---|
| 1. सुखराज ज्वेल्स प्रा. लि. | 300000 |
| 2. राजस्थान पुलिस हाऊसिंग एवं कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड, जयपुर | 250000 |
| 3. रमेश एग्रो सर्विस सेन्टर, ब्यावर | 21000 |
| 4. पं. बद्री प्रसाद महिर्षि चेरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर | 21000 |
| 5. कमल डवलपर्स प्रा. लि., नई दिल्ली | 7000 |
| 6. श्री बी. एल. शर्मा | 55000 |
| 7. डॉ. माया टंडन | 20000 |
| 8. श्री सुरेशचन्द मेहता | 11000 |
| 9. सुश्री कमल पनगड़िया | 10000 |
| 10. श्री श्याम सुन्दर बिस्सा | 5000 |
| 11. छविंद्रा एम वर्मा | 5000 |
| 12. पेटीएम डोनेशन | 12291.69 |
| कुल | 717291.69 |

## दान में प्राप्त कॉर्निया माह जनवरी से मार्च 2026

| माह | कॉर्निया संग्रहण | कॉर्निया प्रत्यारोपण | प्रत्यारोपण उपयोगिता दर |
|---|---|---|---|
| जनवरी 2026 | 198 | 156 | 79 प्रतिशत |
| फरवरी 2026 | 195 | 137 | 70 प्रतिशत |
| मार्च 2026 | 163 | 128 | 78 प्रतिशत |
| कुल सख्या | 556 | 421 | 76 प्रतिशत |

# अंधता निवारण की दिशा में एक नायाब पहल



**श्री राजकुमार शर्मा**
सदस्य,
ईबीसीएसआर

अंधता केवल दृष्टि का अभाव नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के जीवन की अनेक संभावनाओं पर गहरा प्रभाव डालती है। आँखों की रोशनी खो देने के बाद व्यक्ति के लिए सामान्य जीवन जीना, शिक्षा प्राप्त करना और रोजगार के अवसरों तक पहुँचना कठिन हो जाता है। ऐसे संवेदनशील विषय पर आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान द्वारा किया जा रहा कार्य वास्तव में मानवीय सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक उदाहरण है। संस्था के सतत और संगठित प्रयासों ने नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है।

आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान लंबे समय से नेत्रदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने और अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सोसाइटी प्रतिवर्ष नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन व्यापक स्तर पर करती है। यह पखवाड़ा समाज में जागरूकता फैलाने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों तथा आमजन के बीच संवाद स्थापित किया जाता है और उन्हें नेत्रदान के महत्व, प्रक्रिया तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी जाती है।

जागरूकता पखवाड़े के अलावा वर्ष भर जिला एवं राज्य स्तर पर भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें जागरूकता सत्र, संगोष्ठियाँ, जनजागरण रैलियाँ, आई चेकअप कैम्प्स, परामर्श कार्यक्रम तथा सामाजिक संवाद शामिल होते हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यह बताया जाता है कि मृत्यु के पश्चात नेत्रदान करके कोई भी व्यक्ति दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नई दृष्टि प्रदान कर सकता है। यह ऐसा दान है, जो किसी के जीवन में स्थायी उजाला और नई उम्मीद लेकर आता है।

इन सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। पहले जहाँ नेत्रदान के प्रति लोगों में संकोच और भ्रांतियाँ थीं, वहीं अब अधिक लोग स्वेच्छा से आगे आकर नेत्रदान का संकल्प ले रहे हैं। समाज में इस विषय के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है और लोग इसे मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम मानने लगे हैं।

इस अभियान की एक विशेष उपलब्धि यह भी है कि जागरूकता का यह संदेश अब केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि गाँव-देहात तक भी पहुँचने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित शिविरों, जनसंवाद कार्यक्रमों और जागरूकता रैलियों के माध्यम से वहाँ के लोगों को भी नेत्रदान के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। इससे ग्रामीण समाज में भी इस विषय के प्रति समझ और विश्वास बढ़ा है तथा अधिक लोग इस पुनीत कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

सोसाइटी की कार्यकारिणी, चिकित्सकों और समर्पित स्वयंसेवकों की निस्वार्थ सेवा, समन्वय और प्रतिबद्धता इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति है। उनके अथक प्रयासों के कारण ही यह जनजागरण अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रत्येक सफल नेत्र प्रत्यारोपण केवल एक चिकित्सकीय उपलब्धि नहीं होता, बल्कि यह मानवता की सच्ची विजय का प्रतीक होता है। जब एक व्यक्ति के नेत्रदान से किसी दूसरे व्यक्ति को जीवन भर के लिए रोशनी मिलती है, तो यह सेवा का सर्वोच्च उदाहरण बन जाता है।

निस्संदेह, अंधता निवारण की दिशा में यह पहल अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ता हुआ एक प्रेरणादायक कदम है। यह समाज को यह संदेश देती है कि यदि हम सब मिलकर संकल्प लें और सेवा भावना के साथ आगे आएँ, तो अनगिनत व्यक्तियों के जीवन में उजाला फैलाया जा सकता है। नेत्रदान केवल एक दान नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

आइए, हम सब मिलकर इस महान कार्य से जुड़ें और समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास करें, ताकि अधिक से अधिक लोग नेत्रदान के लिए प्रेरित हों और किसी की अंधेरी दुनिया में उजाला ला सकें।

**आओ हम नए सपने सजाएँ,**

**सपनों का सुंदर संसार बसाएँ।**

**अंधेरों का जिसमें नाम न होगा,**

**हर तरफ होंगे उजालों के साये।**

ऐसे सुंदर सपने को हम सब मिलकर साकार करें।

# नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह



**अंजू जैन**
एग्जीक्यूटिव मेम्बर
ईबीएसआर

आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा नारायण सिंह सर्किल स्थित तोतुका भवन भट्टारक जी नस्सियां में रविवार 1 मार्च, 2026 को नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अपने प्रियजन के नेत्रदान के निःस्वार्थ एवं अमूल्य योगदान के लिए 70 नेत्रदानी परिवारों को सम्मानित किया गया। इस समारोह के माध्यम से ईबीएसआर द्वारा नेत्रदानी परिवारों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने अपने प्रियजन का नेत्रदान कर अपना सामाजिक सरोकार निर्वहन किया और उनकी आंखों को अमर कर साहस एवं धैर्य का परिचय दिया।

समारोह हेतु तोतुका भवन को आकर्षक ढंग से फूलों से सुसज्जित किया गया, प्रवेश द्वार पर स्वयं सेवक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक



फूलों की रंगोली बनाई गई। दीप प्रज्ज्वलन के बाद मुख्य अतिथि भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया तथा विशिष्ट अतिथि पद्म भूषण श्री डी आर मेहता साहब का औपचारिक स्वागत किया गया।

आई बैंक सोसायटी ऑफ़ राजस्थान के अध्यक्ष श्री बी एल शर्मा जी ने अपने संबोधन में बताया कि वर्ष 2002 में स्थापित आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 के अनुरूप कार्यरत है। 24 साल में करीब 27500 कॉर्निया एकत्रित किए गए, जिससे 17500 दृष्टि बाधित व्यक्तियों को रोशनी मिली। संस्था के चैप्टर एवं कलेक्शन सेंटर राज्य के 14 जिलों में कार्यरत हैं। देश के 10 राज्यों के 35 शहरों में भी संस्था द्वारा कॉर्निया भेजा जाता है। संस्था की कॉर्निया उपयोगिता दर 65% है जो कि अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप है।

समारोह में संस्था के सदस्य, पदाधिकारी, स्टाफ, स्वयं सेवक, एनसीसी कैडेट, समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति, नेत्रदानी परिवार सदस्य, कॉर्निया लाभार्थी आदि लगभग 400 व्यक्ति उपस्थित रहे।




कॉर्निया लाभार्थी तथा कुछ नेत्र दानी परिवार के सदस्यों के अनुभव सुनकर उपस्थित लोग द्रवित हो गए। जब कार्निया लाभार्थियों ने अपना अनुभव व्यक्त करते हुए बताया, किस प्रकार कार्निया प्रत्यारोपण के ऊपरान्त उनके जीवन में आश्चर्यजनक परिवर्तन आया, तो सभी रोमांचित हो उठे।

मुख्य अतिथि श्रीमती वसुंधरा राजे ने अपने उत्साहवर्धक संबोधन में कहा कि नेत्रदान सबसे महान दान है तथा नेत्रदान करके हम दृष्टिबाधित लोगों के जीवन को प्रकाशमय बना सकते हैं। इस कार्य को करने हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग की अहम भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि, नेत्रदान के प्रति जागरूकता व्यापक रूप से फैलाई जानी चाहिए, विशेष तौर पर महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं को इस कार्य में संलग्न करना चाहिए, जिससे कि वे अग्रणी होकर नेत्रदान के बारे में लोगों को जागरूक कर सकें। वसुंधरा जी ने अपने फेसबुक पेज पर इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी भी दी, उनके फेसबुक पेज पर 90 लाख अनुयायी है।

पद्म भूषण विश्व विख्यात जयपुर फुट प्रणेता, श्री डी आर मेहता साहब ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि, आई बैंक सोसायटी एक अभूतपूर्व एवं अनोखा कार्य कर रही है, उन्होंने सलाह दी कि संस्था के अपने किरेटोप्लासटी सेंटर होने चाहिए, जिससे कि अधिक से अधिक कॉर्निया प्रदेश में ही उपयोग में ला सके।

नेत्रदानी परिवार सदस्यों एवं कार्निया लाभार्थियों के संवाद सुनकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने भी उत्साह का परिचय दिया एवं प्रेरित होकर नेत्रदान संकल्प पत्र भर कर समाज को एक अनूठा संदेश दिया।

नेत्रदान करने वाले 70 परिवारों को प्रशस्ति पत्र तथा हमें नेत्र दानी परिवार होने पर गर्व है वाली घर के बाहर लगाने वाली पट्टिका देकर सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि सभी नेत्रदानी सदस्यों से बड़ी आत्मीयता से मिले, एवं उन्होंने प्रत्येक का आभार व्यक्त किया।






इस मौके पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा नेत्रदान संबंधित एक आकर्षक पोस्टर का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर श्री कमल संचेती, संस्थापक जैन सोशल ग्रुप तथा श्री सुरेन्द्र बजाज, संयोजक नेत्रदान–देहदान प्रेरणा प्रकल्प, माहेश्वरी समाज, जयपुर का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने नेत्रदान के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया एवं हमारी सोसायटी का निरंतर सहयोग किया। स्वयं सेवक तथा एन सी सी कैडेट्स, जो कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं जिन्होंने कार्यक्रम के कुशल संचालन में सहयोग दिया, उन्हें संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।



कार्यक्रम के दौरान अनेक संस्थाओं एवं महानुभावों ने ईबीएसआर की मदद हेतु आर्थिक सहयोग की घोषणा भी की।

कार्यक्रम का संचालन आकर्षक ढंग से श्रीमती आभा चतुर्वेदी द्वारा किया गया। सभी आगंतुकों को कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती अंजु जैन द्वारा धन्यवाद दिया गया एवं सभी को लंच पर आमंत्रित किया गया।



## पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे द्वारा फेसबुक पर दिया गया संदेश :

